## स्पीड न्यूज

### हुसेनाबाद : दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल



हुसैनाबाद,पलामू। थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये,जबकि इस हादसे में दो युवक की मौत हो गयी, पहली घटना जपला छत्तरपुर मुख्य पथ गम्हरिया गांव के समीप दो टेंपू की आमने सामने की हुई टक्कर में टेंपू पर सवार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सहिआरा गाँव निवासी मनेन्द्र रजवार उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप घायल हो गया, स्थानिय ग्रामीणों के सहयोग से उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना जपला दंगवार मुख्य पथ के बड़ेपुर गांव के समीप हाइवा की चपेट में आने से कृष्णा नगर निवासी व जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के अध्यक्ष लखनदेव सिंह व हैदरनगर थाना क्षेत्र बिलासपुर गांव निवासी कुलशेखर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के दौरान लखनदेव सिंह की भी मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक हाइवा छोड़कर फरार हो गया, दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया, प्राथमिकी उपचार के बाद चिकित्सकों ने लखनदेव सिंह की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया, इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया, वहीं हाइवा और टेंपू को जप्त कर थाना ले आयी।

### भाजपा किसान मोर्चा ने सुना पीएम के मन की बात कार्यक्रम



सतबरवा पलामू। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा पलामू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 4 वर्ष पूर्ण होने पर पलामू के पोलपोल मंडल में लाभान्वित किसानों को बुलाकर सम्मान करने का कार्य किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी की मन की बात को सभी किसानों और कार्यकताओं के साथ सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा पलामू के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रमंडलीय प्रभारी भूपेंद्र मिश्रा मौजूद थे। मौके पर तिवारी ने कहा कि आप जैविक खेती और मोटे अनाज की खेती करें जिससे आपको ज्यादा ज्यादा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र की जो भी योजनाएं हैं उसका लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे वह सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा यह देश किसानों का देश है और किसान कैसे सशक्त हो कैसे उन्हें सभी योजनाओं का लाभ मिल सके यह हम सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के 4 वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने किसानों को इसका लाभ निरंतर मिलता रहे यह सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में किसानों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला महामंत्री विजय शर्मा, जिला महामंत्री रंजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह, जिला उपाध्यक्ष दामोदर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मेहता, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, जिला मंत्री मुन्ना, पूर्व मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### आप पार्टी ने किया पीएम का पुतला दहन



मेदिनीनगर। आम आदमी पार्टी पलामू जिला समिति के द्वारा दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर पलामू जिला के संयोजक चंद्रबनी चौबे के अध्यक्षता में पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा पीएम के सचिव को लेकर और पुतला को लेकर स्थानीय राजेंद्र चौहान पर पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के जिला सचिव कोषाध्यक्ष गणेश कुमार, मुन्ना कुमार, ओम प्रकाश दुबे, लोग कुमार तिवारी, अभय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, अरुण वर्मा, संजय, आप प्रदेश प्रवक्ता जयसवाल के अलावा संख्या में लोग शामिल थे।

### ओरियाकला एवं मुरमुसी में सहायिका का चुनाव संपन्न



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। प्रखंड के ओरिया एव मुमूर्सी में सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा वीडियो सह सीडीपीओ अनिल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। बताते चले की आंगनबाड़ी केंद्र मुमूर्सी के लिए रिक्त हुए सहायिका पद के लिए चयन प्रक्रिया शुरू से पहले आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका अपर्णा कुमारी मिश्रा ने चयन संबंधित नियमावली को बताया। मौके पर 4 अभ्यार्थी के द्वारा ग्राम सभा में अपना आवेदन दिया गया। योग्यता के आधार पर गायत्री कुमारी को चयन कर बीडीओ सह सीडीपीओ अनिल कुमार ने प्रमाण पत्र दिया। इसके उपरांत ओरियाकला पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र ओरियाकला वन का चुनाव पंचायत भवन में कराया गया । यहां 6 अभ्यर्थियों ने अपना अपना आवेदन जमा किए थे। जिसमें जातीय बहुलता एवं सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली शोभा कुमारी का चयन सहायिका पद के लिए किया गया है।

### 13 वर्षों से लापता सेविका की जांच की मांग पंसस की बैठक में उठा

नावाबाजार। सोमवार को नावाबाजार प्रखण्ड कार्यालय परिसर में पंचायत समिति की मासिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख विद्या देवी ने की। संचालन बीडीओ ने किया। बैठक प्रमुख विद्या देवी प्रखण्ड में संचालित विकास कार्यो के बारे में जानकारी ली। बैठक में बाना आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका का मामला उठाया गया। बताया गया कि बाना आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका 13 वर्षो से लापता है। आखिर इतने लंबे समय से सेविका का के गायब रहने के मामले में क्या कार्रवाई हुई। बैठक में प्रमुख विद्या देवी ने बताया कि गांव में पेयजल संकट शुरू हो गया है। बैठक में पंसस सदस्यों द्वारा पूछा गया कि आखिर विकास पाण्डेय किस पंचायत में रोजगार सेवक है। रबदा पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि रबदा पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिव नियमित रूप से नहीं बैठते हैं जिसके कारण आमजनों को काफी परेशानी हो रही है। बैठक में सीओ राकेश श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी व पंसस मौजूद थे।

### प्रखंड प्रमुख के निरीक्षण में दाल भात केंद्र में मिली कई अनियमितता



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई अनियमितता पाया गया। प्रमुख ने कहा कि पाटन से 2 किलोमीटर दुर पर केंद्र का संचालन किया जा रहा है जहां पर गरीब असहाय जो पाटन प्रखंड में आने वाले दूर गांव से उन लोगों को यहां आने में एक भी जनता यहां आकर दाल भात योजना का लाभ नहीं ले सकते। प्रत्येक दिन 180-200 लोगों का हाजिरी बनाया जा रहा है। जबकि निरीक्षण करने के दौरान डेढ़ किलो चावल चुल्हा पर चढ़ाया गया था। इस पर प्रमुख ने कहा कि आप प्रखंड कार्यालय के समीप केंद्र चलाएं जिससे आम जनता को लाभ मिल सके। लोगों को मुख्यमंत्री दाल भात योजना का लाभ मिले इसका ध्यान रखें। कहा कि अनाज मिलेगा पैसा नहीं। केंद्र सही ढंग से चलायें। केंद्र में अगली बार से अनियमितता पाये जाने पर आपके समूह को रद्द करने का अनुशंसा करेंगे।

# बिश्रामपुर नप मुख्यालय में भाजपा का बनेगा विधानसभा स्तरीय पार्टी कार्यालय भवन

● भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने सोमवार को किया भूमि पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भूमि पूजन करते भाजपा नेता।

**बिश्रामपुर पलामू।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय के सोरडिहा में भाजपा का विधानसभा स्तरीय पार्टी कार्यालय का भवन बनेगा.पार्टी कार्यालय के भवन निर्माण हेतु भूमि पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने उपलब्ध कराया है। रविवार को पार्टी कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बतौर यजमान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में विधान सभा स्तर का यह पहला पार्टी कार्यालय होगा। जिसमे विस स्तरीय पार्टी के नेता कार्यकर्ता बैठकर विचार विमर्श कर सकेंगे। विधायक के जिला प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने बताया कि पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का सपना था कि कार्यकताओं के लिए पार्टी कार्यालय का अपना एक भवन हो। जिसे ईश्वर सागर चंद्रवंशी मूर्त रूप देने में जुट गए हैं। जल्द ही पार्टी कार्यालय का भवन बनकर तैयार हो जायेगा। मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष सह भाजपा नेता रविंद्र नाथ उपाध्याय, इदरीश हवारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर, नंददेव यादव,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, नंददेव यादव, किरण देवी, मनीष कुमार, संतोष राम, उपेंद्र तिवारी, अमरेश राम, प्रभुषण चंद्रवंशी, उखमजी यादव, शंकर चंद्रवंशी, अर्चना देवी,बेबी देवी, रामप्रवेश मैर्या,संजय प्रसाद साह,रामानंद तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र राम, मनोज यादव, गिरधारी साव, इसरार हवारी, विजय कुमार, मुकेश चौधरी सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन ने मंदेया को हराकर जीता टूर्नामेंट

## ग्रामीण युवाओं में नहीं है प्रतिभा की कमी : राजेंद्र कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** युवा फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में छतरपुर प्लस टू उवि के मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाईनल मैच आशीर्वाद कंस्ट्रशन टीम व मंदेया टीम के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि छतरपुर के समाजसेवी राजेंद्र कुमार उर्फ राजन बाबू, बिरेंद्र पासवान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू बाबू, नंदन कुमार सिंह, नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी अरबिंद गुप्ता उर्फ चुन्नु ने संयुक्त रूप से फाईनल मैच का उदघाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हौसला आफजाई किया। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद खेल का आयोजन किया जाना गर्व की बात है। युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन टीम 1-0 से मैच जीत कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन के खिलाड़ियों को 15 हजार नकद और शील्ड व मंदेया टीम के खिलाड़ियों को उप बिजेता के रूप में 11 हजार व शील्ड देकर सम्मानित किया। युवा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष अनुज सिंह व सचिव रितेश कुमार चंद्रा ने बताया कि गत एक माह से फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच संचालित हुआ। स्थानीय खिलाड़ी बेहतर खेल छतरपुरवासियों को दिखाया। कोरोना काल 2020 का फाईनल मैच खेला गया। स्तरोन्नत उवि नौडिहा बाजार के गेम टीचर आनंद कुमार रेफरी के रूप में थे। मौके पर पप्पू सिंह, रीतेश कुमार, चिंटु सिंह, छुना सिंह, जितेंद्र कुमार, सुमन गुप्ता, मुस्ताक आलम, सरताज खान, राहुल कुमार, बिरेंद्र कुमार, मोनू सिंह, राकेश विश्वकर्मा समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# एलीट बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

# बच्चों को शिक्षा अपनी भाषा में दें : कुलपति

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।



**मेदिनीनगर।** शहर के चियांकी हवाई अड्डा स्थित एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में रविवार को भारतीय भाषा में शिक्षा की संकल्पनाएं एवं चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राम लखन सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रतिकुलपति डॉ दीप नारायण सिंह, कुलानुशासक डॉ.के सी झा एवं एलिट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष डॉ आर. पी सिन्हा उपस्थित थे।कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन से पूर्व महाविद्यालय के छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान के साथ अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण डॉ आर पी सिंहा द्वारा दिया गया। मौके पर कुलपति सिंह ने कहा कि भारतीय भाषाओं में शिक्षा सरल एवं ग्राह्य होगा। हम सभी का प्रयास भी है कि शिक्षा को अपनी भाषा में दी जाए। प्रति कुलपति ने कहा की अपनी भारतीय भाषा में शिक्षा देने एवं बोलचाल की भाषा में अधिक उपयोग करना चाहिए। इस पर हमें गर्व होना चाहिए। कुलानुशासक ने कहा कि लगातार भारतीय भाषा में शिक्षा देने के प्रति अग्रसर हैं। अति आवश्यक स्थिति में ही अन्य भाषा का प्रयोग किया जाए। केंद्रीय विश्वविद्यालय गया बिहार के डॉ. नृपेंद्र वीर सिंह जो बीजवक्ता के रूप में विषय पर प्रकाश डाला। एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदम्बा सिंह सेमीनार के सफल आयोजन के लिए प्रबंधन के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित सभी बीएड कॉलेज के प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापक मौजूद थे।

### भूमि अधिग्रहण में हुई गड़बड़ी को लेकर रैयतों ने की बैठक, छह सूत्री मांग पर विस्तार से हुई चर्चा

मांग नही माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल रैयत।

बिश्रामपुर (पलामू)। रजहरा से शांखा गांव तक नेशनल हाइवे (39) निर्माण कार्य के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण से वहां के रैयत काफी असंतुष्ट हैं। वहां के रैयतों ने सोमवार को भंडार हाई स्कूल के मैदान में एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता सुनील पांडेय ने किया। बैठक में एन एच आई के अभियंता अभिषेक कुमार और सड़क निर्माण करा रही कंपनी के साईड इंचार्ज पार्थ घोष भी मौजूद थे। बैठक में ग्रामीणों ने छः सूत्री मांग पर विचार विमर्श किया। इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि उनकी मांगों को अगर विभाग द्वारा अनदेखी किया गया तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। बैठक के बाद रैयतों ने एनएचआइ के परियोजना निदेशक के नाम आवेदन भी विभाग के अभियंता को सौंपा। आवेदन में यह उल्लेख किया गया है कि रैयतों के जमीनों की मापी के बाद जो खूंटागड़ी किया गया है, उससे अधिक जमीन जबरदस्ती लिया जा रहा है। रैयती जमीन को गैरमजरूआ बता कर मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। वहीं अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भी मनमाने ढंग से तय किया गया है। सुनील पांडेय ने बताया कि सम्बंधित जानकारी सभी अधिकारियों को दे दी गयी है। अगर उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया गया तो बाध्य होकर रजहरा से शांखा गांव तक के किसान अपनी मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। बैठक में भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, पूर्व उप मुखिया अरविंद पांडेय, नंददेव यादव, अभय ठाकुर, पुष्पराज सिंह, मुस्ताक अहमद खान, आलोक पांडेय, सरजू भुइयां, दिलीप सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों रैयत मौजूद थे।

## भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

### यज्ञ से लोगों में बढ़ती है धार्मिक भावना : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पाटन चौक पर श्री श्री 108 भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा एवं महारुद्र यज्ञ एवं शिव पुराण कथा का कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार थे। सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों के साथ इन दोनों नेताओं ने इस यज्ञ की कलश यात्रा में कलश लेकर पूजा में शामिल हुए। सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों एवं कार्यकर्ताओं के बीच पूरे जय श्री राम, भोले बाबा की जय, बजरंग बली की जय, मां दुर्गे मैया की जय के नारों के साथ पूरे पाटन का वातावरण गुंजायमान रहा। मौके पर विधायक ने कहा कि यज्ञ से सुख, समृद्धि और शांति आती है। यज्ञ से लोगों में धार्मिक भावना बढ़ती है। यज्ञ के यजमान सिमरी पंचायत के मुखिया सुमति देवी, पति शिव शंकर प्रसाद, रंजीत प्रसाद, रोहित सोनी, बसु प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद थे। कलश यात्रा में विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, मुखिया पति साहू, ओम प्रकाश पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, भाजपा मंडल पाटन युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, विनय सिंह, रविंद्र सिंह, पंडवा मंडल अध्यक्ष जमुना, महामंत्री राकेश पांडे, रंजय सिंह, बबल प्रसाद, प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश पांडे, श्रवण मिश्रा समेत कई लोग शामिल थे।

**यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है : संग्राम**



पाटन पलामू। महारुद्र ज्ञान यज्ञ समिति पाटन के तत्वावधान में पाटन प्रखंड के श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाला गया। मौके पर पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से मन को शांति मिलती है और वातावरण शुद्ध होता है।

### साहित्य के क्षेत्र में पलामू में है समृद्ध वातावरण : एसपी



मेदिनीनगर। लोहड़ी परिवार, परिमल प्रवाह एवं हिंदी साहित्य भारती के तत्वावधान में जीजीपीएस स्कूल जमूने के प्रशाल में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कवि उमेश कुमार पाठक 'रेणु' रचित कुण्डलिया संग्रह लोहड़ी कुण्डलिया का लोकार्पण पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुभाषचंद्र मिश्र,प्रो कमलाकांत मिश्र, डॉ राजेश्वर पांडेय, सुरेंद्र कुमार मिश्र, डॉ रमेश चंचल, डॉ विजय प्रसाद शुक्ल, हरिवंश प्रभात, रविशंकर पांडेय, अरविंद सिन्हा, डॉ विजय प्रकाश, सुरेश कुमार पाठक, डॉ विजय प्रकाश, पार्थ प्रतिम गुप्ता और पंकज श्रीवास्तव ने किया। समारोह की अध्यक्षता प्रो सुभाष चन्द्र मिश्र ने की और संचालन कवि राकेश कुमार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने लोहड़ी कुण्डलिया की प्रशंसा की।

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मनायी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि



मेदिनीनगर। गीता भवन मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि मनाई गई। सभी बजरंगीयो ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विभाग सह संयोजक सन्दीप दास ने भारत माता के वीर सपूत शहीद चंद्रशेखर आजाद जी को श्रद्धांजलि दी। ऐसे विरले जिन्होंने भारत वर्ष में जन्म लेकर सभी लोगो में जनक्रांति जगाई। साथ ही भारत की आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए लोगो को जगाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विभाग सह संयोजक संदीप दास, जिला संयोजक विवेक चौबे, मठ मंदिर प्रमुख संजय प्रजापति, जिला सामाजिक समरसता सह प्रमुख शशिभूषण मिश्रा, जिला बालो उपासना प्रमुख रंजन वर्मा,जिला साप्ताहिक मिलन सह प्रमुख गोलू सोनी, जिला कार्यसमिति सदस्य धीरज गुप्ता, जिला सुरक्षा सह प्रमुख कमलजीत पांडे, नावा प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु पांडे, समर्पित दुबे, नगर सत्संग प्रमुख सुभय राज, नगर अध्यक्ष सतीश मेहता नगर मंत्री सौरभ कुमार कर्ण, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख सूरज कुम्भ, नगर कार्यसमिति सदस्य मनीष वर्मन, वाशु कुमार, राज मिश्रा ,रिंकू जी रोहित शर्मा, राज शुक्ला, मनीष गुप्ता, रोहित कुमार, अमन कुमार, इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरकार ने किया संवैधानिक अधिकारों से वंचित : एस अली



मेदिनीनगर। झारखंड में मदरसा शिक्षा, उर्दू स्कूलों के अधिकार, उर्दू शिक्षकों की बहाली एवं अल्पसंख्यकों के मामलों पर वित रहित मदरसा शिक्षक के द्वारा कांफ्रेंस का आयोजन पहाड़ी मुहल्ले स्थित मदरसा अहले सुन्नत मरकजी दारूल उलूम में किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कहा कि बिहार पुर्नगठन अधिनियम 2000 के तहत झारखंड के अल्पसंख्यकों को जो अधिकार प्राप्त है, उससे महागठबंधन सरकार ने वंचित कर रखा है। 3 वर्षों में अल्पसंख्यकों से जुड़े बोर्ड निगम आयोग कमिटी का गठन भी नही हुआ। राज्य अलग होने के 23 वर्ष बाद भी मदरसा शिक्षा और उर्दू भाषा से जुड़े मसले हल नहीं हुआ। समय रहते महागठबंधन सरकार हमारे मसलों को हल नही करती है तो अभियान पूरे राज्य में चलाये जाएंगे। कांफ्रेंस की अध्यक्षता कारी जसीमुद्दीन ने और संचालन एम जे अजहर ने किया। कांफ्रेंस को झारखंड मदरसा शिक्षक संघ के सचिव फजलूल कदीर अहमद, डां तस्लीम आरिफ, प्राथमिक उर्दू शिक्षक संघ पलामू जिला अध्यक्ष फैयाज अहमद, जावेद अहमद खान, अमीन रहबर, मुमताज अहमद, मौलाना शाहिद जमाल, इस्तियाक आलम, हाफिज महबूब, हसन इमाम, जियाउद्दीन अंसारी, हारिस आलम, अफताब आलम,फिरोज आदि ने सम्बोधित किया।

### जिला कांग्रेस कमिटी का पदयात्रा आज

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला के जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यालय से उपायुक्त कार्यालय तक पदयात्रा का आयोजन 28 फरवरी को 11 बजे से किया जायेगा। पदयात्रा समाहरणालय परिसर पहुंचकर समाप्त होगा। मौके पर कांग्रेसी पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे। इसकी जानकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टु पाठक ने दी। उन्होंने कहा कि जिला के सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, सभी जिला के पदाधिकारी, प्रखंडों के अध्यक्ष गण एवं कमेटी, मंडल अध्यक्ष एवं कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, अल्पसंख्यक, ओबीसी, एससी/एसटी व कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा ने किया होली मिलन समारोह आयोजित




मेदिनीनगर। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा ने होली मिलन समारोह का आयोजन गार्डेन हर्ट रेस्टोरेंट, सुदना में। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजया नन्द पाठक, संचालन सचिव मुकेश पाठक तथा धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुज पाठक ने सरस्वती वंदना से किया। गायक उमाशंकर मिश्र ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी प्रियरंजन पाठक ने गीत प्रस्तुत किया। रामप्रवेश पंडित ने भी कविता प्रस्तुत किया। संरक्षक प्रो सुभाषचन्द्र मिश्र ने कहा कि हम समाज का नेतृत्व करते हैं इसलिए हमें और भी सजग तथा सतर्कता से कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर डॉ अजय कुमार मिश्र, अंजनी पाठक अधिवक्ता, धनंजय पाठक, सत्यनारायण पाठक, परिमल प्रसून, अनिरुद्ध पांडेय, भोला पाठक, विश्वजीत पाठक, अशोक कुमार मिश्र, सुशील मिश्र, बिनु मिश्र सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पांडू श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की बैठक में रामजन्मोत्सव मनाने का निर्णय



पांडू पलामू (**पांडू प्रतिनिधि**)। श्रीराम नवमी पूजा महासमिति पांडू-विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव की अध्यक्षता में श्रीराम जानकी विवाह मंडप के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन महासमिति के सचिव जवाहर पासवान ने की। बैठक में पाण्डु-विश्रामपुर पुर्वी क्षेत्र के रातनाग, गोलपा, बेलहरा, कुलिया, गुआसरसई, रबरा, रबरी, ठेकहि, अमरवादामर, निमिहा, नौखीलिया, घाटतर, हिसड़ा, ओबरा, चुना गौरेया, महुआधाम, घासीदाग, झांटीनाथ, राजखाड़, कजरु कला समेत लगभग 30 गांव के पूजा समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में श्री रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में 15 वां अधिवेशन को और भव्य तरीके से मनाने का निर्णय के साथ हर वर्षों की तरह इसबार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम दोगोला कराने का भी निर्णय पर आम सहमति बनी। वहीं 31 मार्च को श्रीसीता रामनगर मेन रोड कजरुकला कला के ऐतिहासिक मैदान में पांडू विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के 30 गांवों से दिन दो बजे से महावीरी झंडों का मिलान और झांकियों का प्रदर्शन और रात में दोगोला का आयोजन किया जायेगा। बैठक में विनोद पासवान, बिहारी बैठा, सतीश पासवान, अजय राम, कृष्ण कुमार निराला, हरिवंश सिंह, मुन्ना ठाकुर, अरुण पासवान, अमित कुमार सिंह, भगवान साव, नरेश चौधरी, शिवनाथ गुप्ता, शंकर सिंह, सत्यनारायण सिंह, मनोज राम, कन्हैया यादव, नारद पाल, बब्लू पाल, शिवपूजन यादव, सुरेंद्र साहनी, धनन्जय गुप्ता, सत्येंद्र बारी, अनिल शुक्ला, सत्यनारायण विश्वकर्मा, रविन्द्र राम, भुखन राम, महेंद्र भुइयां, मथुरा भुइया, महावीर पाल, शैलेश चंद्रवंशी, कृष्ण चंद्रवंशी, इंदल तिवारी, राजेश्वर साहू, सुदामा पासवान, विष्णुकांत गिरी, हरेंद्र पासवान, मुखलाल बैठा शामिल थे।

# चैनपुर रोटरी स्कूल परीक्षा केंद्र पर सीबीएसई मैट्रिक का परीक्षा प्रारंभ

● **परीक्षा के पहले दिन 793 में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते विद्यालय के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक अशलेश पांडेय।

**मेदिनीनगर।** रोटरी स्कूल (आनंद शंकर) चैनपुर परीक्षा केंद्र पर सीबीएसई बोर्ड के दसवीं कक्षा का परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से प्रारंभ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक अश्लेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के वर्ग दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

दसवीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा सोमवार को प्रारंभ हुई। इस केंद्र पर 793 विद्यार्थी के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा केंद्र पर एम.के.डी.ए.वी. स्कूल चियांकी, ऑक्सफोर्ड स्कूल, शाहपुर एवं संत मरियम स्कूल डालटनगंज के विद्यार्थी परीक्षा में हुए। डी.ए.वी. स्कूल के 341 परीक्षार्थी में से 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा, जबकि ऑक्सफोर्ड स्कूल के सभी 38 परीक्षार्थी एवं संत मरियम के 414 सभी परीक्षार्थी शामिल हुए। वीक्षक के रूप में डी.ए.वी. से 4, संत मरियम से 3 एवं ऑक्सफोर्ड से 1 शिक्षक परीक्षा केंद्र पर योगदान दिए। उप-प्राचार्य ए.के. सिंह, समन्वयक स्मिता सिंह, परीक्षा नियंत्रक एस.बी.पी. गुप्ता एवं उमा कान्त मिश्र का मुख्य रूप से योगदान रहा। वीक्षक के रूप में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल से अमित त्रिपाठी, बिकास कुमार गुप्ता, आशिष कुमार पाण्डेय, सुमन कुमार चौबे, संत मरियम स्कूल से दीपक कुमार, अपर्णा, रविन्द्र कुमार सिंह, ऑक्सफोर्ड स्कूल से सचिन कुमार ने कार्य किए। विद्यालय के शिक्षक गौरीशंकर मिश्र, अरविन्द पाण्डेय, नम्रता पाण्डेय, हर्शबाला, सत्येन्द्र प्रसाद, रंजीत शर्मा, मनोज यादव, शशिरंजन ठाकुर, राहुल भरद्वाज, पूनम कुमारी, कामेश कुमार मेहता, दीपा कुमारी, सुषमा कुमारी, दीपक सोनी, सुमित कुमार, प्रिया पाण्डेय, नेहा तिवारी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में लगे हैं।

# पर्यावरणविद व सचिव ने तमिलनाडु के कई जिलों में पौधारोपण कर वृक्षों पर रक्षासूत्र बांधा

>> पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट को अपनाने से ही रुकेगी प्राकृतिक आपदाओं की तबाही : कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




वृक्षों पर रक्षाबंधन करते कौशल, पुनम व अन्य।

**मेदिनीनगर।** तमिलनाडु के चेन्नई सर्किट हाउस, काजीपुरम जिला के राजीव भेजेंनडी मेमोरियल पैलेस, श्रीपेरमबदुर और महाबलीपुरम जिले के सीसोरी टेंपल प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, तमिलनाडु के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष सोंडी विगरम, एवं सचिव सनी कच्छ के साथ पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष और सचिव को राखी का माला पहना कर स्वागत किया । वहीं उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम के उपरांत स्टेट बैंक के मैनेजर कृष्णा प्रसाद ने पर्यावरण धर्मगुरु व सचिव को सम्मानित किया। वनराखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा कि आज अर्थ के लिए हो रहे हैं। उस अनर्थ से होने वाली तबाही को रोकने के लिए दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट को अपने जीवन में उतारना होगा क्योंकि इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कि अब तक झारखंड समेत बिहार ,बंगाल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ पांच राज्यों सात जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किए जा चुके हैं। उसी की कड़ी में तमिलनाडु में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। इसके बाद कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश और पांडिचेरी में भी कार्यक्रम किए जाएंगे। साथ ही कार्यक्रम को वृहद आकर देने के उद्देश्य से उन प्रदेशों में नए अध्यक्षों और सचिवों की नियुक्ति भी किया जाएगा। कार्यक्रम में कृष्णा प्रसाद, शोडी विग्रम, शक्ति, कुमार, सनी, अतुल प्रसाद, संतोष कुमार आदि शामिल थे।

# बाईक व पिकअप में सीधी भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

## घटना के बाद पिकअप लेकर भाग रहा था चालक, ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी बाबा धाम मंदिर के समीप सोमवार को लगभग 10:30 बजे मालवाहक पिकअप व बाईक की टक्कर में बाईक सवार युवक पोढ़हा ग्राम निवासी अनूप कुमार सिंह की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई । वहीं महिला लक्ष्मी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से घायल लक्ष्मी देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु लक्ष्मी देवी को गुमला रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर थाना चली आयी। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार अनूप सिंह अपनी भाभी लक्ष्मी देवी को अपने गांव पोढ़हा से मोटरसाइकिल पर लेकर गुमला किसी कार्य से जा रहा था। इसी बीच घाघरा की ओर से बनारी साप्ताहिक हॉट जा रहे मालवाहक पिकअप ने बाबा धाम के समीप बाईक को सीधी टक्कर मार दी। जिससे अनूप सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि लक्ष्मी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद भाग रहे मालवाहक पिकअप को आदर के समीप ग्रामीणों ने पकड़ा। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा दल बल के साथ आदर पहुंच उक्त पिकअप वाहन को कब्जे में कर थाना लाया।



सड़क पर पड़ा मृतक का शव व घायल को इलाज के लिए ले जाते लोग

## एक नजर में

### आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक संपन्न

**भंडरा।** भंडरा बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थित सभा भवन में सोमवार को पर्यवेक्षिका नीलम मिंज की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अलावे आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित कार्यो की समीक्षा हुई। मौके पर पर्यवेक्षिका नीलम मिंज ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करना है। सभी आंगनबाड़ी सेविका अपने-अपने प्राप्त लक्ष्य को एक सप्ताह के अंदर पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने केंद्र में संचालित टीकाकरण, पोषाहार वितरण, फाईलेरिया से बचाव को लेकर दवा का वितरण सहित कई बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिया है। इस दौरान सेविकाओं ने केंद्र संबंधित उपयोगिता जमा किया। मौके पर नीलम कुमारी, बबीता देवी, सुमित्रा टोप्पो, अनिता उरांव, पुष्पा कुमारी सहित सेविका मौजूद थी।

### योजना चयन को लेकर ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत में सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से पंचायत में होने वाली विभिन्न योजनाओं मनरेगा, नाली निर्माण, सिंचाई कूप निर्माण, कुँवा मरमत्ती, डोभा सहित विभिन्न योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया। मौके पर सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, अरविंद उरांव, श्रवण मुंडा, जगबन्धन भगत, सीमा भगत, सुहैल अहमद, गुहाँ उरांव, पंचम एतवा पहान सहित जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रमुख ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**कैरो।** प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने सोमवार को प्रखंड के कई विद्यालय का निरीक्षण किया। प्रमुख ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरता, मध्य विद्यालय गराडीह व खंडा सहित कई गांव स्थित विद्यालयों में निरीक्षण कर प्रधानाचार्य से मिलकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने, हाजरी बही, उपस्थिति पंजी, पोषाहार पंजी को जांच करते हुए विद्यालय में शिक्षा सहित किसी भी मामले में कोताही न बरतने का निर्देश दिया।इस मौके पर मध्यानभोजन में सुधार करने का शख्त निर्देश दिया। मौके पर उप मुखिया जगबन्धन भगत मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जनजागरूकता रथ को किया रवाना

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिला में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु चार जनजागरूकता रथों को सोमवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर सभी प्रखण्डों के लिए रवाना किया गया। इन प्रचार रथों के जरिए प्रतिदिन लिए के विभिन्न गांवों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही, संबंधित योजना के पोस्टर भी पंचायतों में अधिष्ठापित किये जायेंगे। आज इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, कार्यालय के कर्मी, नुक्कड़-नाटक की टीम के सदस्य उपस्थित थे। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज्य सरकार की अतिमहत्वकांक्षी योजनाओं में से है। इस योजना का लाभ माता की प्रथम दो पुत्रियों को देय होगी। सरकारी तथा सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त और शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत निजी विद्यालयों में पढ़नेवाली सभी किशोरियों को इसका लाभ मिलेगा। एक बालिका को कक्षा आठवीं में ढाई हजार रुपए, कक्षा 9वीं में ढाई हजार रुपए, कक्षा 10वीं में पांच हजार रुपए, कक्षा 11वीं में पांच हजार रुपए, कक्षा 12वीं में पांच हजार रुपए और 18 वर्ष की आयु पूरी होने के उपरांत 18-19 वर्ष की किशोरावस्था में एकमुश्त 20 हजार रुपए की अनुदान राशि उसके बैंक खाते में दी जाएगी।

### बांग्लादेश में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के लिए गुमला की पांच खिलाड़ी चयनित

**गुमला।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्वाधान में सैफ अंडर 17 महिला फुटबॉल चैंपियनशीप बांग्लादेश के लिए भारतीय टीम के गठन को लेकर द्वितीय चरण 21 से 22 फरवरी तक इंदौर मध्यप्रदेश में ट्रायल आयोजित किया गया। जिसमें देश भर से कुल 35 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें झारखंड से कुल एक दर्जन और गुमला जिले के पांच फुटबॉलर चयनित हुई हैं जो 23 फरवरी से 18 मार्च तक इमिराल्ड हाइट्स स्पोर्टस अकादमी इंदौर मध्यप्रदेश में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। प्रशिक्षण के उपरांत पुनः अंतिम रूप से पुनः एक बार भारतीय अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम का चयन किया जाएगा। जिसमें जिले से चयनित शिवानी टोप्पो, अनिता डुंग डुंग, शाउलिना डांग,विकसीत बाड़ा, सूरज मुनी कुमारीआवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र, गुमला के खिलाड़ी हैं। उनके चयन पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही उप विकास आयुक्त एवं जिला खेल पदाधिकारी ने भी जिले के चयनित खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### महापंचायत की तैयारी पूरी, सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 28 फरवरी 2023 को झारखंड सरकार का बजट सत्र के दौरान होनेवाली महापंचायत कार्यक्रम की तैयारी गुमला जिला में पूरी कर ली गई है । जिले से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। विदित हो कि झारखंड को बचाने व राज्य हित के मुद्दों को लेकर रांची के राजभवन के समक्ष होनेवाली कार्यक्रम में गुमला जिला को रेल लाइन से जोड़ने, गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना का निर्माण, महिला उत्पीड़न पर रोक तथा रोजगार इत्यादि मुद्दों को भी जोरदार ढंग से उठाई जाएगी। कार्यक्रम में चैनपुर, गुमला व बसिया अनुमंडल क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### आंजन धाम परिसर को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित करने की डीएफओ से मांग

**गुमला।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा अंजन धाम परिसर क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बिलाल अनवर को सोमवार को ज्ञापन सौंपा। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक संतोष झा ने कहा कि अंजन धाम क्षेत्र झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक क्षेत्र के साथ-साथ प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। जहां देश भर के लोग अपनी आस्था के साथ साथ प्राकृतिक क्षेत्र का आनंद लेने के उद्देश्य से आंजन धाम पहुंचते हैं। इस क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाकर स्वच्छ वातावरण का माहौल बनाया जा सकता है। साथ ही इससे क्षेत्र के गरीब गुरबा लोगों को स्वरोजगार भी उपलब्ध कराया जा सकता है। प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने से दोना पत्तल, ठोंगा, थैला, बांस से बने सामान बेचकर क्षेत्र के लोगों को जीविकोपार्जन की व्यवस्था उपलब्ध हो सकती है। लायंस क्लब के सचिव अशोक जायसवाल ने कहा की प्रशासनिक प्रयास से आंजन धाम क्षेत्र का सुंदरीकरण हो सकता है।

### 7 दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी जारी

**कोडरमा।** राजकीय पलिटेक्निक संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सीवी रमण के स्मरण में 22 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी सह स्मरणोत्सव के छठे दिन संस्थान परिसर में प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के प्रतिभागियों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त आदित्य रंजन ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी किया जाना चाहिए।

## मजदूरों के प्रताड़ना के खिलाफ प्रतिवाद मार्च सह पैदल यात्रा पहुंचा गुमला



गुमला कचहरी परिसर में धरना पर बैठे मजदूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मजदूरों के उत्पीड़न के खिलाफ झारखंड जेनरल कामगार यूनियन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रतिवाद मार्च सह पैदल यात्रा स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी विशुनपुर से आरंभ होकर सोमवार को गुमला पहुंची। जहां प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम का छः सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया। मांग पत्र में हिण्डालको के खान एजेंट बी के झा तथा उग्रवादियों के संबंधों की एनआईए से जांच कराने, सेवानिवृत मजदूरों की ग्रेच्युटी एवं पीएफ का भुगतान करने, मजदूरों की छंटनी पर रोक लगाने, खान एजेंट बी के झा तथा खनन इंचार्ज आलोक यादव को अविलम्ब गिरफ्तार करने तथा तमाम खनन मजदूरों की सुरक्षा की गारंटी करने की मांग शामिल है। इस संबंध में यूनियन के जिला अध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा है कि समय-समय पर माईंस प्रबंधन मजदूरों को प्रताडित करती रहती है। भैंसबथान बॉक्साईट माईंस को एक अप्रैल 2019 से लगभग तीन सालों तक बन्द कर के रखा गया था। तब कोविड 19 का कठिन समय था। लेकिन प्रबंधन ने मजदूरों की कोई सुधि नहीं ली। एक फरवरी 2022 को खनन का काम फिर चालू हुआ। लेकिन 13 जनवरी 2023 से 6 फरवरी, 2023 तक माईंस को मनमाने ढंग से फिर बन्द कर दिया गया। 7 फरवरी को माईंस खुलते के साथ ही यूनियन के जिला अध्यक्ष सनिया उरांव को उग्रवादी रविन्द्र यादव से फोन धमकियां मिलने लगीं।

## शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाला गया भव्य कलश यात्रा

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बरवेनगर स्थित मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें बरवेनगर सहित आसपास के क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह सात बजे कलश यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें गांव की माता बहनों के द्वारा मंदिर प्रांगण से कलश लेकर शंख नदी पंहुच कलश में जल भरकर पुनः मंदिर प्रांगण पंहुचा। जहां कलश के जल से प्रतिमा का जलाभिषेक किया गया। जिसके बाद मूर्ति का गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। वहीं शाम सात बजे पूरे विधि विधान के साथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। वहीं रात दस बजे से 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू होगा।

## नामांकन आरंभ

**गुमला।** वेस्कोट पब्लिक स्कूल गुमला में नये सत्र के लिए नामांकन आरंभ हो गया है। विद्यालय कार्यावधि में आकर विद्यार्थी नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक नोवेल प्रभात तिग्गा ने दी है।

## सामाजिक कार्य के लिए मिशन बदलाव को मिला इफको ईमका अवार्ड

### दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में संस्था को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



मिशन बदलाव के संयोजक को सम्मानित करते अतिथि

**गुमला।** समाज सेवा व जनहित के मुद्दों को लेकर काम करने वाली सामाजिक संस्था मिशन बदलाव को दिल्ली में इफको ईमका अवार्ड से सम्मानित किया गया है। 26 फरवरी को नई दिल्ली के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्यूनिकेशन (आईआईएमसी) में यह पुरस्कार मिशन बदलाव टीम के मुख्य संयोजक भूषण भगत, पंकज चंद्र गोस्वामी और अभिनव ने प्राप्त किया। ज्ञात हो कि झारखंड के ग्रामीण इलाकों में मिशन बदलाव संस्था लगतार काम कर रही है। जिसका मात्र एक उद्देश्य मानव सेवा है। मिशन बदलाव के संयोजक भूषण भगत ने कहा कि मिशन बदलाव टीम के हजारों कार्यकताओं का प्रयास है कि हमारे काम को सराहा जा रहा है। हम आनेवाले समय में और अधिक जिम्मेदारी के साथ झारखंड के ग्रामीण इलाकों में लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। वहीं पंकज चंद्र गोस्वामी ने कहा कि बीते चार सालों से हम झारखंड के गुमला, सिमडेगा, चाईबासा, लातेहार जिलों के ग्रामीण इलाकों में काम कर रहे हैं। हम आम लोगों तक हर दिन पहुंच रहे हैं। उनकी समस्याओं को जिला प्रशासन, डॉक्टर व आम लोगों की मदद से सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है कि इस सम्मान के बाद अभियान को और तेजी मिलेगी। मिशन बदलाव गांव के लोगों के अंदर राजनैतिक चेतना जगाती है। उन्हें पंचायती राज व्यवस्था के बारे में ट्रेनिंग देती है। हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में इस टीम के 50 से अधिक मेंबर विभिन्न पंचायतों में विभिन्न पदों पर चुनकर आए हैं। सूचना का अधिकार इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण देती है। इसके अलावा जब टीम गांवों का दौरा करती है। उस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को इकट्ठा करती है और फिर स्थानीय प्रशासन की मदद से उसे सुलझाती है। उन्होंने यह भी बताया कि टीम में गांव के लोगों के अलावा कई डॉक्टर, इंजीनियर, नेवी, समाजिक कार्यकताओं, विभिन्न सरकारी, अर्धसरकरी, निजी सेवा में कार्यरत, स्वयं सेवा से प्रेरित और आर्मी से रिटायर हुए लोग, कई सरकारी सेवाओं में काम कर रहे लोग शामिल हैं। विगत कई वर्षों से मिशन बदलाव टीम सक्रियता से झारखंड में आम लोगों के हित हक और अधिकारों के लिए काम कर रही है।

## डॉ भोला प्रसाद बने ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन के प्रखण्ड अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय बाजार टांड़ स्थित बाजार शेड में सोमवार को ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन की बैठक किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह समाजसेवी शरत कुमार विद्यार्थी व एसोसिएशन के झारखंड महासचिव महानंद झा द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। बैठक में ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन के झारखण्ड महासचिव महानंद झा ने कहा कि रात-दिन, सुबह शाम हो या कोरोना जैसी महामारी के समय में भी जहाँ बड़े बड़े से मिलना मुश्किल हुआ वैसे में भी ग्रामीण चिकित्सक ही सबके साथ रहकर इलाज किए जिसके लिए सराहना भी किया जाता रहा है। किसी भी एक प्रखंड अथवा पंचायत से लेकर गांव स्तर में जब भी किसी को किसी तरह की परेशानी होती है तो पैसा रहे न रहे किसी भी स्थिति में ग्रामीणों का इलाज किया जाता है। इसके बावजूद समय समय पर छोलाछाप का नाम देना सरकार द्वारा किसी तरह की सहयोग नही मिलना एक तरह से बेईमानी है। ऐसे में हमारा संघठन हर तरहः से ग्रामीण चिकित्सकों के साथ खड़ी है जब भी किसी प्रसासनिक अधिकारी या एमबीबीएस से किसी तरहः की परेशानी होती है तो एसोसिएशन साथ खड़ा है। जब हर विभाग में कृषक मित्र, शिक्षा मित्र, गव्य मित्र की बहाली की गई है तो ऐसे में सरकार को चाहिए कि जो ग्रामीण चिकित्सक हैं उनको साथ रखे ताकि सबका भला हो सके। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ भोला प्रसाद को प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। मौके पर शरत कुमार विद्यार्थी, शम्भू तिवारी, परमानंद साहू, महफूज अंसारी, प्रमोद सिंह, एतवा भगत सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों चिकित्सक मौजूद थे।



बैठक में मौजूद लोग

## नियोजन अधिनियम-2021 एवं नियमावली-2022 को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के निदेश पर जिला नियोजनालय लोहरदगा की ओर से सोमवार को जिला परिषद सभागार में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम- 2021 एवं नियमावली- 2022 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि झारखण्ड राज्य में नियोक्ता द्वारा निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का 75 प्रतिशत नियोजन को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई है। नियोक्ता कंपनी अपना निबंधन जिला नियोजनालय में अवश्य करायें। स्थानीय लोगों को रोजगार देना इस अधिनियम का मूल उद्देश्य है जिसमें 75 प्रतिशत स्थानीय होंगे। किसी सरकारी कार्यालय में नियुक्ति पर भी आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा भी यह अनुपालन किया जाएगा। नियोक्ता कंपनी को राज्य सरकार के ऑनलाईन पोर्टल में भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त जिला नियोजन कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में विस्तृत रूप से जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने अधिनियम के अंतर्गत उम्मीदवारों का निबंधन, नियोक्ता कंपनी का निबंधन, उम्मीदवारों का कौशल प्रशिक्षण, रोजगार में विस्थापितों को प्राथमिकता, जिला स्तरीय जांच समिति, नियोक्ता कंपनी द्वारा प्रतिवेदन समेत अन्य जानकारियां विस्तृत रूप में दी गईं। कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, अंचल अधिकारी किस्को बुढ़ाय सारू, सेन्हा अंचल अधिकारी विजय कुमार, कैरो अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, भण्डरा अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता समेत अन्य नियोक्ता एजेंसियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



कार्यशाला में मौजूद अधिकारी

## बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



बैंक सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल करती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सोमवार को गुमला पुलिस के द्वारा पालकोट रोड स्थित स्टेट बैंक में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान बैंक सुरक्षा को लेकर किये जा रहे उपायों को करके दिखाया गया। वहीं साइबर अपराध, बैंक रोबरी आदि की रोकथाम के लिए पुलिस कर्मियों के द्वारा बैंक उपभोक्ताओं को मॉक ड्रिल के दौरान जानकारी दी गई। बैंक की आपतकालीन घंटी की आवाज को चालू कर सुरक्षा को देखा गया। बैंक के अंदर से लेकर बाहर तक की सुरक्षा व्यवस्था कैसी होगी इसपर पुलिस कर्मियों ने अभ्यास किया। गुमला एसपी के निर्देश पर बैंकों की सुरक्षा को लेकर ऐहतियात कदम उठाया जा रहा है। जिसे बैंक रोबरी, साइबर क्राईम आदि को रोका जा सके। इस अवसर पर थाना प्रभारी बिनोद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अनुसुचित जाति के अधिकार मार्च रथ का कुडू में जोरदार स्वागत

### 14 मार्च की रैली में शामिल होंगे हजारो लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू लोहरदगा।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा द्वारा अनुसुचित जाति को उनका हक तथा अधिकार दिलाने के लिए निकाल अधिकार रथ सड़क मार्ग से सोमवार को कुडू पहुंचा। अधिकार रथ के कुडू पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। अधिकार रथ के नेतृत्व कर रहे चंदन कुमार गौतम तथा श्रवण कुमार रवि राज्य में अनुसूचित जाति को अधिकार दिलाने को लेकर राज्य के दौरे पर निकले हैं। कुडू बस स्टैंड में स्थापित अमर शहीद वीर बुधू भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद हुंकार भरते हुए चंदन कुमार गौतम ने कहा कि राज्य में अनुसूचित जाति हशिए पर चल गया है।

राज्य में सरकारें बदली लेकर अनुसुचित जाति के विकास तथा अधिकार के लिए किसी ने प्रयास नहीं किया। राज्य सरकार को बताना होगा कि राज्य में अनुसूचित जाति के बगैर किसी पार्टी की सरकार नहीं बन सकतीं हैं।यह तभी संभव है जब रांची में आगामी 14 मार्च को आयोजित अनुसुचित जाति अधिकार रैली मे राज्य के अनुसुचित जाति के लोग अपनी एकजुटता दिखाने का काम करेंगे। राजू कुमार रजक ने कहा कि राज्य के अनुसुचित जाति के लोगों को एक छत के नीचे आने की जरूरत है तभी उनका हक तथा अधिकार मिल सकता है। इससे पहले अधिकार रथ के कुडू पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। अतिथियों ने अमर शहीद वीर बुधू भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। बताया जाता है कि अनुसुचित जाति अधिकार रथ रांची से रवाना हुए हैं तथा पुरे राज्य का भ्रमण करते हुए आगामी 14 मार्च को रांची पहुंचेगा जहां अनुसुचित जाति अधिकार महारैली का आयोजन किया गया है। मौके पर डॉ जनार्दन कुमार राम, रामखेलावन राम, बिनोद कुमार राम, राजमोहन राम, संतोष मांझी मंगलू, बरूण बैठा, अनीश बैठा, दिलिप बैठा, दिलिप राम, शिवलाल राम, अमित कुमार, अमित राम, पिंकू राम, सिकंदर राम, अमन पासवान, विकास पासवान,पुरण बैठा, शंकर राम, शंकर राम, दीपक पासवान, सुभाष बैठा, आर्य संजय पासवान, संजय पासवान, निरंजन पासवान, गौतम रजक, आकाश बैठा, सुजीत रजक, कृष्णा बैठा, लोचन बैठा,अंजय मांझी, श्याम बैठा, जगबीर बैठा,नवीन पासवान, रवि राम, शंकर राम, संजय राम तथा अन्य शामिल थे।



स्वागत करते लोग

# ट्रेड लाइसेंस एवं होल्डिंग टैक्स के विरोध में बंद रही डोमचांच नगर की सभी दुकानें, पसरा सन्नाटा



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत में ट्रेड लाइसेंस एवं होल्डिंग टैक्स के नाम पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई के खिलाफ सोमवार को डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत सारी दुकानें पूरी तरह बंद रही। जिसमें गौरी कंपलेक्स, एमआर मार्केट, राधा कृष्ण मार्केट, जेके मार्केट, जेपी मार्केट, शिवम कंपलेक्स, संजय हार्डवेयर, विश्वकर्मा हार्डवेयर, गुप्ता हार्डवेयर, साईं हार्डवेयर सहित सभी व्यापारी समेत फल-सब्जी लगाने वाले फुटकर विक्रेताओं ने स्वेक्षा से अपनी सारी दुकानें बंद रखकर सरकार तक अपनी मांग को पहुंचाने का प्रयास किया। बताते चलें कि लगातार पिछले 8 महीने से नगर पंचायत को भंग करने एवं अन्य मांगों के साथ डोमचांच में आंदोलन चल रहा है, जिसका सोमवार को विकराल रूप देखने को मिला। सभी व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने एक साथ संकल्प लिया कि एक जांच कमेटी बैठाकर डोमचांच की समस्या का उच्चाधीकारी से जांच कराया जाय। अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो अब हमारा आंदोलन सड़क के रास्ते विधानसभा तक जाएगा और जरूरत पड़ा तो आमरण अनशन के लिए भी डोमचांच की जनता तैयार है। वहीं इस व्यापक बंदी को सफल बनाने के लिए शांति व्यवस्था बहाल बना रहे इसके लिए समाजसेवियों एवं व्यापारियों की एक टीम लगातार पूरे डोमचांच में भ्रमण करती रही। बंदी को सफल बनाने में व्यवसायी शिवाशीष कुमार, रवि कुमार, सुनील कुमार साव, नकुल साव, अरुण रजक, अनिल सब्जी दुकान, मनोज मेहता, संजय अपोलो, सुनील बर्णवाल, मनोज मनिहारी दुकान, दीपक सोनी, कृष्णा साहू, रंजीत सिंह, प्रेमचंद साव, प्रदीप चौधरी, मनोज रजक, बसंत मेहता, दीपक सोनी, अजय कृष्ण, त्रिलोचन मेहता, संतोष विश्वकर्मा, हीरालाल सुंडी, हीरालाल साव, पवन गोस्वामी, उमा विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुमार सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# सेंट्रो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त

## वाहन में लगा है जदयू पार्टी का झंडा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नासरगंज चेक पोस्ट के समीप चेकिंग अभियान में लगे पुलिस कर्मियों को चकमा देकर भागने के क्रम में बैद्यडीह स्थित पेट्रोल पंप के समीप से पीछा कर पकड़े गए कार से रोयल स्टेज कंपनी के 750एमएल का छतीस बोतल तथा गौड फादर कंपनी के 500एमएल के 24पीस केन बीयर जप्त किया गया। उल्लेखनीय हो कि सतगावां थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गिरिडीह जिले के गावां थाना क्षेत्र के मंझने स्थित अंग्रेजी शराब दुकान से लाल रंग की सेंट्रो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर बिहार की ओर जा रही है। इसे पकड़ने के लिए सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत नासरगंज चेक पोस्ट पर सहायक आरक्षी निरीक्षक सुजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल बासोडीह की ओर से आने वाली वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। मौके पर सतगावां थाना पुलिस व जवान मौजूद थे।

## बजट पर एक महीने बाद अन्नपूर्णा देवी ने की प्रेस वार्ता कहा

# 2023-24 का आम बजट बहुत खास



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** केंद्रीय बजट के पारित हुए लगभग एक महीने बाद सोमवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने बजट पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। वहीं परिसदन में उन्होंने कहा कि बजट 2023, अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 का आम बजट बहुत खास है। अमृतकाल का यह बजट देश की अर्थव्यवस्था और देश के लोगों के जीवन में अमृत भरने वाला है। यह बजट इस मायने में भी खास है कि आम चुनाव से पहले के वित्तीय वर्ष का बजट होने के बावजूद कोई इसे लोक लुभावन नहीं कह सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि इस बजट में अबतक प्रचलित परिपाटी के मुताबिक चुनाव की चिंता नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प के अनुरूप विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक आर्थिक महाशक्ति भारत के निर्माण का चिंतन है। बजट में अमृत काल के लिए विजन है, युवा वर्ग पर विशेष ध्यान देते हुए नागरिकों के लिए अवसर और रोजगार सृजन में वृद्धि तथा सुदृढ़ और स्थिर वृहत आर्थिक वातावरण के निर्माण का प्रयास है। बजट में किसानों के लिए सुलभ, समावेशी व शिक्षाप्रद समाधान की व्यवस्था की गई है। वहीं कृषि गतिवर्धक कोष की स्थापना का प्रावधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए एएनवी कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई है। उच्च मूल्य की बागवानी फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्याप्त फंडिंग का प्रावधान किया गया है, पशुपालन, डेयरी कार्य व मत्स्यिकी क्षेत्र को 20 लाख करोड़ रुपए के ऋण आवंटन का प्रावधान है, जल जीवन मिशन के बजट में 10 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि की गयी है। स्थानीय सवालों और हाल में ढिबरा, ब्लूस्टोन तथा पत्थर व्यवसाय को बंद किए जाने या कार्यवायी के मामले पर कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यहां ढिबरा, ब्लूस्टोन और पत्थर इन्हीं तीन व्यवसायों को जरिए लोगों की जीविका चलती है, अवैध के नाम पर कार्रवाई हो रही है तो सरकार को कोई विकल्प भी देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री अपने नाम पर लीज लेते हैं या अपने लोगों के नाम पर लीज लेते हैं पर कोडरमा में यह खल रहा है और इस तरह की कार्यवायी हो रही है।

## चिकित्सकों का हड़ताल लगातार चौथे दिन जारी

**गढ़वा।** सदर अस्पताल के उपाीक्षक डा. अवोश सिंह के साथ की गई मारपीट की घटना के विरोा में आईएमए व झासा के आह्वान पर चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। सदर अस्पताल समेत जिले के सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी सेवा ठप रही। हालांकि इमरजेंसी सेवा चालू रही। चिकित्सक एवं कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर सदर अस्पताल मुख्य द्वार पर ारना दिया। मांगें पूरी होने के बाद ही हड़ताल समाप्त होगा।

# शिक्षा उपसचिव का रवैया सुधारात्मक नहीं शोषणकारी है

## शिक्षा सचिव से शिकायत करेगा प्लस टू शिक्षक संघ



प्लस टू शिक्षक संघ के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ गढ़वा की सोमवार को गोविंद प्लस टू स्कूल गढ़वा में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गढ़वा के नोडल पदाधिकारी शिक्षा सचिव ओमप्रकाश तिवारी तथा डीईओ कार्यालय गढ़वा के कार्य संस्कृति को गलत बताते हुए कड़ी निंदा की गई। इस संबंध में संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव से मिलकर इसकी शिकायत करने का निर्णय लिया है। बैठक में मौजूद संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था की दशा-दिशा में सुधार के लिए शिक्षा उपसचिव ओम प्रकाश तिवारी को गढ़वा जिले का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान इनका रवैया सुधारात्मक न होकर शोषणकारी है।

## सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**इटखोरी।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार भद्रकाली महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक के द्वारा परसौनी पंचायत के कशोटांड में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा, प्राचार्य डॉ दुलार हजाम, प्रो सुरेंद्र कुमार, प्रो सुरेंद्र मिस्त्री, प्रो ललित मोहन चौधरी और परसौनी पंचायत के मुखिया पति बालेश्वर साव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# बच्चों को शिक्षा उनकी ही भाषा में दें : कुलपति

## एलीट बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन




कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर (गढ़वा)।** शहर के चियांकी हवाई अड्डा स्थित एलिट पब्लिक बीएड कलेज में भारतीय भाषा में शिक्षा की संकल्पनाएं एवं चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ड राम लखन सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रति कुलपति ड दीप नारायण सिंह, कुलानुशासक ड केसी झा एवं एलिट ग्रुप अफ इंस्टीट्यूशन के अयक्ष ड आरपी सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उद्घाटन से पूर्व महाविद्यालय के छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान के साथ अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण ड आरपी सिन्हा ने दिया। मौके पर कुलपति श्री सिंह ने कहा कि भारतीय भाषाओं में शिक्षा सरल एवं ग्राह्य होगा। हम सभी का प्रयास भी है कि शिक्षा को अपनी भाषा में दी जाए। प्रति कुलपति ने कहा कि अपनी भारतीय भाषा में शिक्षा देने एवं बोलचाल की भाषा में अकि उपयोग करना चाहिए। इस पर हमें गर्व होना चाहिए। कुलानुशासक ने कहा कि लगातार भारतीय भाषा में शिक्षा देने के प्रति अग्रसर हैं। अति आवश्यक स्थिति में ही अन्य भाषा का प्रयोग किया जाए। केंद्रीय विश्वविद्यालय गया बिहार के ड नृपेंद्र वीर सिंह जो बीजवक्ता के रूप में विषय पर प्रकाश डाला। एलिट पब्लिक बीएड कलेज के प्राचार्य ड जगदम्बा सिंह सेमिनार के सफल आयोजन के लिए प्रबांन के सहयोग के लिए ान्यवाद दिया। कार्यक्रम में नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित सभी बीएड कलेज के प्राचार्य एवं सहायक प्रायापक मौजूद थे।

# डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी की बैठक सम्पन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में डीएमएफटी की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से अमृत सरोवर, शिक्षक नियुक्ति, बिरहोर आवास, बीच वितरण योजना, टण्डवा पैक्स भवन निर्माण, चतरा बस स्टैंड, सोलर स्ट्रीट लाईट, बाल विकास केन्द्र, चिकित्सक पारामेडिकल स्टाफ नियुक्ति समेत अन्य संबंधित चल रहे सभी योजनाओं कि क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के क्रम में परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) से 40 योजनाओं का प्रस्ताव प्राप्त हुआ हैं शेष का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। स्वीकृत पद के विरूद्ध शिक्षकों के रिक्त पद भरने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी चतरा से विषयवार प्रास्ताव उपलब्ध कराने निर्देशि दिया गया ताकि बच्चों के लिए पठन पाठन के स्तर को बेहतर बनाया जा सके। बिरहोर आवास की मरम्मति के लिए सर्वे रिर्पोट के आधार पर चयनित पीआईए अभियंता एनआरईपी चतरा को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बीज वितरण योजना की समीक्षा के दौरान एक सप्ताह के अंदर कृषकों को उन्नत बीच का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश पीआईए जिला कृषि पदाधिकारी चतरा को दिया गया। साथ ही कृषि उपकरण से संबंधित प्रस्ताव भी शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। स्वीकृत पद के विरूद्ध चिकित्सक एवं पारामेडिकल स्टाफ के संविदा आधारित नियुक्ति प्रास्ताव सिविल सर्जन चतरा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में टण्डवा पैक्स भवन निर्माण, चतरा बस स्टैंड, सोलर स्ट्रीट लाईट, बाल विकास केन्द्र आदि क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ की बैठक सम्पन्न

समाहरणालय स्थित सभाकक्षा में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि॰ चतरा के निदेशक पर्षद की बैठक की गई। उक्त बैठक में संघ की निदेशक-सह-सचिव सह जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा संघ की सदस्यता वृद्धि एवं राज्य संघ से सम्बद्धता प्राप्त कर लेने की जानकारी दी गई। जिला में कुल 40 सहकारी समितियाँ संध की सदस्य हैं एवं 20 समितियों ने जिला संहकारी संघ की सम्बद्धता प्राप्त कर ली है।

## जिला स्तरीय जाँच कमिटी की बैठक आयोजित

समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत गठित जिला स्तरीय जाँच कमिटी की बैठक आहूत की गई। कमिटी के सदस्य के रूप में विधायक प्रतिनिधि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र, जिले के सभी अंचल अधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला नियोजन पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित ने भाग लिया। जिला नियोजन सह प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक जिले के 47 नियोजकों ने निबंधन करवाया है और 19 नियोजकों द्वारा अपने कार्यरत कर्मचारियों का विवरण दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### एनजीओ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय एनजीओ दिवस के अवसर पर जिले के मेराल प्रखंड के ग्राम गोना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक कलाकार एवं ग्रामीणों ने अमर शांति विकास संस्था के संस्थापक राजेश चौबे एवं ललिता देवी को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया।

### भुईयां समाज ने मनायी माता शबरी की जयंती

**भवनाथपुर।** प्रखंड में अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति द्वारा माता शबरी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विद्यापति कुमार ऋषि, संजीव भुईयां एवं रविंद्र राम ने दीप जलाकर किया।

### सर्पदंष से मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कैलान निवासी 55 वर्षीय रामपति यादव की गेहूं के पटवन करने के दौरान सांप के काटने से हो गई। जानकारी के अनुसार रामपति अपने गेहूं के खेत में पानी पटा रहा था। इसी क्रम में दाहिने पैर में सांप ने काट लिया। जिसके बाद आनन-फानन में परिजन झाड़-फूंक कराने के लिए सतबरवा ले गये, लेकिन रामपति की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एसआई विद्रोही फिलिप टोपनो दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजवाया।

### शांति समिति की बैठक संपन्न

**गिद्धौर।** थाना परिसर में होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार 27 फरवरी को किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया एवं संचालक भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने बैठक को संबोधित करते हुए बारी-बारी से एक ही बात बोले कि होली में अश्लील गाना ना बजावें ।यदि डीजे साउंड बजाते हैं तो धीमी आवाज में बजावे ।ताकि अन्य किसी को परेशानी ना हो। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल 20सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान उपाध्यक्ष रामदेव यादव सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा मुखिया निर्मला देवी जगदीश यादव जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव मुखिया प्रतिनिधि बसंत सिंह मुकेश साव दिनेश भारती बारिसाखी पंसंस प्रतिनिधि परमेश्वर रविदास समाजसेवी प्रसादी पासवान रामदेव यादव पूर्व पहरा पंचायत मुखिया महेंद्र राम महावीर दांगी सुरेश राणा राजू लाल वर्मा एवं अनेकों जनप्रतिनिधि समाजसेवी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड सचिवालय में संचालित बीएमएमयू ऑफिस में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को मिशन अंत्योदय के तहत गांव का सर्वे करने को लेकर सोमवार को प्रशिक्षण करवाया गया। प्रशिक्षक आईपीआरपी सुनीता देवी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर सैजल कुमारी के द्वारा बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि एक महिला 4 से 5 गांव का सर्वे कर सकती है ।जो भीपीआरपी से जुड़े एवं मोबाइल ऐप मिशन अंतोदय से गांव के घर घर का सर्वे करना है। प्रशिक्षु के द्वारा यह भी बताया गया कि प्रति दिन में पूरे गांव कंप्लीट कर लेना है। मौके पर उपस्थित उषा देवी संगीता देवी नीतू कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

### संत समागम का भव्य आयोजन, गांव हुआ भक्तिमय

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिसई में बनारस और बोधगया मठ के महंत रमेश गिरी महाराज एवम् सत्यानंद स्वामी गुरुदीक्षा और अपने मठों में होने वाले धर्म जागरण कार्यक्रम के निमित्त पहुंचे थे। टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के आवास पर संत समागम का भव्य आयोजन हुआ। संत समागम में महंत रमेश गिरी जी महाराज एवम् सत्यानंद स्वामी के द्वारा करीब एक दर्जन लोगों को गुरुदीक्षा दिया गया।

## एक नजर में

# डायन कुप्रथा के उन्मूलन के लिए जागरूकता रथ रवाना



जागरूकता रथ को रवाना करते डीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से डायन कुप्रथा के उन्मूलन के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने बताया कि डायन कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने की दृष्टिकोण से रथ को रवाना किया गया है। यह रथ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर समाज के लोगों को डायन अधिनियम 2001 की जानकारी देकर डायन कुप्रथा के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा।

मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी विकास कुमार, सहायक योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अभियान चलाकर नष्ट की जा रही है अफीम की खेती



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा के जंगलों में लहलहा रहे अफीम की खेती के विरुद्ध हंटरगंज वन विभाग और कुंदा वन विभाग और कुंदा पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अफीम की खेती को ट्रैक्टर मशीन और लाठी डंडे से नष्ट किया जा रहा है। थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया कि कुंदा थाना क्षेत्र में लगभग 2 महीना से अवैध रूप से लहलहा रहे अफीम की खेती को नष्ट किया जा रहा है। इन दिनों नवादा पंचायत के लाली माटी और नवादा के जंगलों में अफीम की खेती को चार ट्रैक्टर मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। इन जगहों पर लगभग 50 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया है। अफीम की खेती करने वाले माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि जब तक पूर्ण रूप से अफीम की खेती को नष्ट करने हेतु निरंतर अभियान चलाया जाएगा। वहीं अफीम की खेती करने वाले खेतिहर और व्यापारियों को चिन्हित किया जा रहा है। इन्हें चिन्हित कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी करवाई किया जाएगा।

# सात सूत्री माँग को लेकर टंडवा व्यवसायिक संघ ने सिमरिया विधायक को सौंपा पत्र




खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** झारखंड सरकार द्वारा झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन, विपणन एवं विधेयक 2022 को निरस्त कराने के संबंध में टंडवा के व्यवसायिक संघ पदाधिकारियों द्वारा सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के नाम पत्र प्रेषित किया गया। जिसमें लिखा गया कि इस विधेयक से आम जनता को महंगाई की बोझ और बढ़ जाएगी, जैसे में पहला रोजमर्रा की आम उपयोग की वस्तुओं पर 2% टैक्स लगाए जाने से महंगाई और बढ़ेगी जो आम लोगों पर भारी वित्तीय बोझ होगी, दूसरा कृषि टैक्स प्रभावी होने पर कृषकों को उनके उत्पाद का मूल्य कम मिलेगा जिससे किसानों की आय बढ़ने के बजाय घटेगी, तीसरा कृषि टैक्स लगाने पर राज्य में कृषि उत्पाद का उत्पादन विपणन एवं संबंधित प्रसंस्करण उद्योग एवं व्यापार में भारी कमी आएगी, चौथा कृषि टैक्स के राज्य प्रभावी होने पर कृषि उपज का व्यवसाय एवं उद्योगों का विचलन झारखंड के निकटवर्ती राज्यों में हो जाएगी जहां पर कृषि शुल्क लागू नहीं है, पांचवा यह विधेयक कृषक, आम उपभोक्ता, कृषि उपज आधारित उद्योग एवं व्यवसाय हित में नहीं है।

# थाना परिसर में भव्य तरीके से किया होली मिलन समारोह



**गिद्धौर।** थाना परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं संचालन मनोज कुमार पाल ने किया। होली मिलन समारोह में सभी पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ-साथ अलग-अलग राजनीतिक दल के लोगों को अबीर गुलाल लगाते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। एवं होली एक दूसरे का मिलनसार त्यौहार है। इसमें पुराने सभी तरह की बातों को भूल कर नए वर्ष में एक नई उमंग के साथ प्रवेश करने का त्यौहार है। इन सभी बातों की व्याख्या करते हुए जमकर अबीर गुलाल उड़ाए। एवं मिठाई बांटी गई। मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक प्रखंड प्रमुख अनीता यादव मुखिया निर्मला देवी जगदीश यादव भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा परमेश्वर दांगी बबलू कुमार साव उप मुखिया मंजू देवी संजय यादव बारिसाखी मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर एवं प्रखंड के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जालिम नरसंहार के चार किशोर आरोपी 35 वर्षों बाद हुए रिहा

## मामला: दो पक्षों के झड़प में महज कुछ घंटों में नरसंहार का रूप ले लिया था जिसमें आठ लोगों की गयी थी जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले के प्रखंड अंतर्गत जालिम पंयायत में हुए चर्चित जालिम नरसंहार के चार किशोर आरोपियों को प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजे बोर्ड ने साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया है। मालूम हो कि 23 मई 1988 को सदर थाना क्षेत्र के जालिम ग्राम में दो जातियों के बीच एक मामले को लेकर झड़प हो गया था जो महज कुछ घंटों में नरसंहार का रूप ले लिया था। जिसमें दोनों पक्षों के कुल आठ लोगों की जान चली गई थी। मामले का विचारण सत्र न्यायालय में चल रहा था। घटना के 40 आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला चल रहा था। 17 जून 2005 को सेशन कोर्ट ने सभी आरोपियों को हत्या का दोषी पाया था, जिसमें चार आरोपियों ने जजमेंट के दिन अपने को किशोर होने का दावा पेश किया था। अदालत ने किशोरों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले का विचारण हेतु किशोर न्याय बोर्ड को मामला हस्तांतरित कर दिया था और 36 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया था।

### जिसमें 36 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाया गया था



जानकारी देते अधिवक्ता सुनिल कुमार।



रिहा हुए लोग।

किशोर घोषित आरोपियों ने किशोर न्याय बोर्ड में अपनी उपस्थिति दाखिल नहीं कराया। वर्षों इंतजार के बाद वे फरार घोषित किए गये। बाद में चारों आरोपियों जिसमें श्रीकांत सिंह, विजेद्र सिंह, चन्द्रदेव सिंह, अशोक सिंह ने किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष आत्मसमर्पण किया। मामले की स्पीडी ट्रायल करते हुए किशोर न्याय बोर्ड ने विचारण प्रारंभ किया। आरोपी किशोरों के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि घटना के वक्त इन आरोपियों की उम्र 14 से 16 वर्ष के बीच थी। आज सभी चारों आरोपियों की उम्र 50 वर्ष से अधिक है। किशोर अदालत में अभियोजन की ओर से कुल छह गवाहों को पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मिथलेश कुमार प्रधान न्यायिक दण्डाधिकारी किशोर न्यायालय ने सभी किशोरों को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया। 35 वर्षों के बाद मिली न्याय दोषमुक्त हुए किशोरों का कहना है कि उन्हें 35 वर्षों की बाद न्याय मिली है। वे इस मामले में नाहक फंसा दिए गए थे। न्यायालय पर उन्हें पूरा भरोसा था। सभी जमानत पर मुक्त थे। सिर्फ ट्रायल चल रहा था सभी लोग बाहर थे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रेकर गार्ड की ब्रेन हेमरेज से मौत



परिजनों को आर्थिक मदद डीएफओ।

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत छिपादोहर पूर्वी वन प्रक्षेत्र में ट्रेकर गार्ड के पद पर कार्यक्रम वन श्रमिक हिरामन उरांव 55 वर्ष की मौत ब्रेन हेमरेज से हो गई। वन विभाग द्वारा हिरामन को समुचित इलाज के लिए रांची रिम्स में भर्ती कराया गया था। उधर इलाज के दौरान श्रमिक हिरामन की मौत के बाद पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश कांत जेना, बेतला रेंजर शंकर पासवान, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी और फॉरेस्टर नंद कुमार मेहता ने उनके गांव रांकी के लकटा टोला पहुंच परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दिया। वहीं अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक तौर पर मदद करने का भी काम किया। जहां परिजनों को ढाढस बंधाते हुए सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वन विभाग के साथ- साथ हम सब भी मर्माहत और आपके साथ है। उन्होंने पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

### दो युवक गंभीर रूप से घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ चतरा एनएच 22 मुख्य पथ पर बारियातू लैंपस के समीप रविवार की रात्रि लगभग 9 :00 बजे मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिरने से जगदेव गंझू 45 वर्ष पिता रमेश गंझु एवं धीरेंद्र गंझू 20 वर्ष पिता रामदेव गंझू दोनों ग्राम मनधनिया थाना लावालौंग जिला चतरा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि दोनों शादी समारोह का कार्ड बाटने बालूमाथ से अपने घर वापस जा रहा था। इसी बीच एक अज्ञात वाहन ने चकमा दे दिया। जिससे दोनों असंतुलित होकर गिर गया। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के सहयोग से रिम्स भेजा गया।

### गर्म तेल गिरने से युवक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड के सिबला पंचायत के राजगुरु ग्राम में चल रहे रुद्र महायज्ञ में खाना बनाने के दौरान गर्म तेल शरीर में गिर जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राहुल कुमार 25 वर्ष पिता कैलाश साव ग्राम भंडरा जिला लोहरदगा निवासी जो मिस्त्री का काम करता है। जो रुद्र यज्ञ में खाना बनाते समय कढ़ाही में पूड़ी तल रहा था। इसी दौरान गलती से कढ़ाही में पानी भरा मग पलट गया। जिससे गर्म तेल का छिटा उड़कर युवक के शरीर के कई हिस्सों में जा गिरा। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

### सात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बारियातू।** बिधुत ऊर्जा चोरी के आरोप में बिधुत आपूर्ति प्रशाखा बालूमाथ के कनीय प्रबंधक तकनीकी संतोष कुमार मंडल ने बारियातू चौक के आसपास छापामारी कर सात दुकानों के संचालको के विरुद्ध बारियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। छपामारी किए जाने के संदर्भ मे कनीय प्रबंधक मंडल ने बताया कि बिधुत ऊर्जा चोरी के खिलाफ पुरे क्षेत्र मे अभियान चलाया जा रहा है। बीते शनिवार को बिधुत उर्जा चोरी चेकिंग अभियान चलाया गया। जहाँ विद्युत ऊर्जा की चोरी करते सात दुकानदार पकड़े गए थे। सात दुकानों में से पांच दुकानों से 5760 रुपये, एक दुकान को 5520 रुपये व एक दुकान को बारह हजार एक सौ अठारह रुपये कूल 46,438 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही विद्युत उर्जा चोरी अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। विधुत ऊर्जा चोरी चेकिंग अभियान में रूपनारायण साव, गुपनाथ यादव, बालो साव सहित अन्य विधुत कर्मी शामिल थे।

### डिजिटल ट्रांजेक्शन का आयोजन

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आजादी का अमृत महोत्सव 2 .0 के अंतर्गत हेरहंज प्रखंड सभागार भवन में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जेएस एलपीएस के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात द्वीप प्रज्वलित कर आरंभ की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है, डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत मूलभुत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है मौके पर बीडीओ प्रदीप कुमार दास, एलडीएम लातेहार शांति टोप्पो, प्रखंड प्रमुख पार्वती देवी, सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल, सीएसपी संचालक मनहोर सिंह, जेएसएलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शिव कुमार, एफएल सीआरपी, बैंक सखी, सीसी, आईपीआरपी, बीसी सखी, डीजी पे सखी एंव सखी मंडल के काफी संख्या में शामिल हुए।

### आकस्मिक निधन पर शोक की लहर

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत समिति सदस्य सह भाजपा नेता रामकिशुन गंझू की पत्नी लाछो देवी (32) का आकस्मिक निधन रिम्स रांची में इलाज के क्रम में हो गया। बताया जाता है कि लाछो देवी का स्वास्थ्य विगत कई माह से ठीक नही चल रहा था व इलाजरत थी। इधर पंसस लाछो देवी के निधन की सूचना के बाद पंचायत में शोक की लहर देखी जा रही है। इनके निधन पर पंचायत के मुखिया जतरु मुंडा, प्रखण्ड प्रमुख मनीषा उरांव, उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा, पंसस अयूब खान, बुधन गंझू, अनुरोध कुजूर, बलकु मुंडा, नीलम देवी, मनिता देवी, कमलेश उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, दीपक निषाद, राजकुमार पाठक, महेंद्र साहू,मनोज पाठक, आशीष सिंह समेत दर्जनों लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

## मनिका पहुंचा अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा का न्याय रथयात्रा

➲ अपने हक अधिकार और आरक्षण की मांग को लेकर 14 मार्च को मोराहाबादी में होगा महासम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय पहुंचा मोराहाबादी (रांची) से चलकर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा का न्याय रथ यात्रा। जहां पर अंबेडकर चेतना मंच मनिका ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया और संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। वहीं रथ यात्रा के उद्देश्य को सफल बनाने हेतु अनुसूचित समाज के लोगों ने अपनी अपनी इच्छा अनुसार धन भी दान किया,रथ यात्रा का नेतृत्व चंदन कुमार गौतम के द्वारा किया जा रहा था। मौके पर रथ यात्रा के विषय में जानकारी देते हुए चंदन कुमार गौतम और अंबेडकर चेतना मंच के प्रखंड सचिव मिथिलेश पासवान ने संयुक्त रूप से बताया कि 14 मार्च को मोराहाबादी रांची में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के बैनर तले अपने हक,अधिकार और आरक्षण की मांग को लेकर महासम्मेलन किया जाएगा जहां पर अनुसूचित समाज के लाखों लाख के संख्या में लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड के सभी जिलों में जाकर अनुसूचित जाति के लोगों को जागरूक करना है,झारखंड में हमारी आबादी 14% होने के बाद भी हमें आरक्षण 12% मिलती है। राज्य में हमारी संख्या कम नहीं है और हमें जनसंख्या के आधार पर अपना हक,अधिकार और संपूर्ण जनक आरक्षण मिलनी चाहिए। मौके पर अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल मोची, भीम आर्मी जिला प्रभारी जगजीवन राम, प्रखंड अध्यक्ष मोहन राम, पासवान समाज के प्रखंड सचिव अखिलेश पासवान, उपाध्यक्ष विशाल पासवान, पिंटू पासवान, संतु कुमार पासवान, प्रदीप कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी बिजेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया संजय कुमार सिंह, दिलीप राम, सुरेंद्र राम, नंदन कुमार, गुड्डू कुमार पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### सातवें वार्षिकोत्सव पर निकाली गई कलश यात्रा



**लातेहार।** शहर के राजहार मोड़ में अविस्थत शिव पार्वती सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के सातवें वार्षिकोत्सव पर एक भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर बाइपास चौक पहुंची और इसके बाद थाना चौक व मुख्य होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंची। इसके बाद मानस पथ होते हुए चटनाही के औरंगा नदी पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरा गया। वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय ने किया। इस मौके पर बतौर मुख्य यजमान नारायण साव सप्नीक उपस्थित थे। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। यहां कलशों की स्थापना एवं आरती की गयी। कलश यात्रा को ले कर यहां खासा उत्साह देखा गया। बच्चे कलश यात्रा में झंडे ले कर आगे आगे चल रहे थे। वार्षिकोत्सव को ले कर मंदिर को आकर्षक रूप सजाया गया है। मंदिर प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद ने बताया कि 28 मार्च को पीठ पूजा व पाठ किया जायेगा। जबकि एक मार्च को भंडारा आयोजित किया जायेगा। उन्होने सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील नगर वासियों से की है। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक, काशी साव, मुरारी प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, प्रकाश तिवारी, गजेंद्र प्रसाद, रामदेव प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, विशाल चंद्र साहु, सुनीत कुमार कुक्कू, सुरेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद मनोज प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, शंकर प्रसाद, राजू प्रसाद, चंद्रदेव प्रसाद, संतोष पासवान, भोला प्रसाद, बिहारी प्रसाद व आदित प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### खरवार भोगता विकास संघ की हुई बैठक नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस मनाने का निर्णय



बैठक करते संघ के लोग।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित सरना भवन परिसर मे खरवार भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु की अध्यक्षता मे सोमवार को बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्य रूप से नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस 28 मार्च को बारियातू स्थित कांडरका नदी के सामने मनाने का निर्णय लिया गया। शहादत दिवस के मौके पर अधिक से अधिक संख्या मे लोगों को भाग लेने की अपील की है। आगामी 12 मार्च को रांची के मोराबादी मैदान मे आहूत सरना धर्म महारैली को समर्थन करते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी खरवार भोगता विकास संघ के कार्यकताओं ने विधायक चमरा लिंडा द्वारा खरवार भोगता को टिप्पणी की गई थी जिसका घोर विरोध किया। मौके पर कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझु,युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश गंझु,सचिव बिनोद गंझु, पंचायत अध्यक्ष मंगर गंझु, कुलदीप भोगता, सुरेंद्र गंझु, युगल, महावीर, बसंत, नन्दकिशोर, प्रदीप सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया



शुभारंभ करते पदाधिकारी व अन्य।

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम के बाहर श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय लातेहार के द्वारा दतोपन्त ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष पूनम देवी मौजूद रही। जहां पर जिला नियोजनालय पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा ने पौधा देकर स्वागत किया। तत्पश्चात जिला अध्यक्षा पूनम देवी, नगर उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा, जिप सदस्य विनोद उरांव, श्रम नियोजन पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी, समाजसेवी कन्हाई पासवान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं जिला नियोजनालय पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में रोजगार मेला के तहत 19 नियोजकों ने भाग लिया। जिसमें कुल 1297 रिक्तियां प्राप्त हुई है। रोजगार मेले में काफी संख्या में बेरोजगार युवक और युक्तियां ने भाग लिया। वहीं नगर उपाध्यक्ष ने भी लोगों को संबोधित किया। जहां विभिन्न कंपनियों से आए कर्मियों ने अपने अपने स्टॉल लगाए हुए थे। उन्होंने आगे बताया कि झारखंड राज्य के 75% नियोजन अधिसूचना 2021 एवं नियोजन नियमावली 2022 लागू किया गया है। जिसे युवाओं को काफी फायदा मिल रहा है।

### सरना धर्म महारैली शामिल होने का लिया निर्णय



बैठक करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत सरना स्थल नचना भवन में राजी सरना प्रर्थना सभा की प्रखंड स्तरीय की बैठक। जिसका अध्यक्षता जयपाल उरांव ने की। वहीं प्रमुख उर्मिला देवी ने शिक्षा पर जोर देने, अंधविश्वास, रूढ़िवादी को दूर करने, समाजिक न्याय, सामाजिक एकता व नशामुक्ति समाज में व्याप्त बेरोजगा जैसे बिषयो पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। वहीं बैठक में 12 मार्च को मोरहाबादी मैदान रांची में आहुत सरना धर्म महारैली की तैयारियां पर भी विशेष चर्चा करते हुए बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने की अपील की गई। सरना धर्म महारैली मे भाग लेने के लिए सभी गांवों में संपर्क अभियान चलाकर आदिवासी समाज के लोगों को जागरूक करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सलाहकार सजु उरांव, महासचिव रामप्रीत लोहरा, समाज सेवी सुरेश उरांव, नंदु उरांव, राजदेव उरांव, सतेन्द्र उरांव, उपाध्यक्ष श्रवण उरांव, जयराम उरांव, सीता मनी उरांव, मुनेश्वरी उरांव, अनिमेष उरांव आदि उपस्थित रहे।

### सिंजो पहुंचे प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष



प्रदेश अध्यक्ष के साथ आयोजक और प्रखंड कमेटी के लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के सिंजो पंचायत सचिवालय के समीप 4 मार्च को होने वाली होली मिलन समारोह कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करने को लेकर प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास सिंजो पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निर्धारित 4 मार्च 2023 को प्रांतीय युवा यादव महासभा का होली मिलन समारोह कार्यक्रम बेहद खास होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने आयोजक कमेटी के साथ बली यादव के आवास पर बैठक की। उन्होंने महासभा के युवाओं में। जोश भरते हुए कहा कि युवा चाहे तो सब कुछ कर सकता है। उन्होंने कहा कि होली मिलन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मौके बली यादव, बृंद बिहारी प्रसाद यादव, बालेश्वर प्रसाद यादव, दामोदर यादव, गुलाब चंद यादव, सेठा यादव, प्रमानंद यादव, राजमणि प्रसाद यादव, महेन्द्र यादव, सकलदीप यादव, सागर यादव, बच्चन यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, समोधी यादव, बिनोद यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## रेल अपराध नियंत्रण को लेकर चला जागृति जन संवाद कार्यक्रम

➲ रेलवे वैगन से कोयला चोरी करना जानलेवा व अपराध है: दीपक कुमार



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** रेल अपराध नियंत्रण को लेकर टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार की अगुवाई में टोरी आरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों के द्वारा टोरी स्टेशन परिसर में कम्यूनिटी पोलिसिंग के तहत जगृति जन संवाद मुहिम कार्यक्रम चलाया। अभियान के दौरान यात्रा कर के लिये प्रतीक्षारत महिलाओं व पुरुष यात्रियों को रेल अपराध से सम्बंधित जानकारी दी। इस दौरान आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के लोगो को बताया कि रेलवे वैगन से कोयला चोरी करना अपराध व जानलेवा है। ऐसे करने के प्रयास के बिजली के चपेट में कई लोगो की जान भी जा चुकी है, इसलिए कोयला चोरी न करें। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाओं के तहत कार ड्राइविंग, कंप्यूटर, टेलरिंग आदि सिख कर कुटीर रोजगारपरक हो सकते हैं। स्थानीय प्रतिनिधि को कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के अलावा, अनाधिकृत रूप से खतरे की जंजीर खींचने, इंसुलेटर को पत्थरों से मारकर तोड़ने, सीआरओ एवं स्टोन पेल्टिंग के संबंध में होने वाले दुष्प्रभावों व उससे संबंधित विधिक कार्यवाही के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतिनिधि और ग्रामीणों को निरीक्षक प्रभारी का सरकारी मोबाइल नंबर साझा किया गया। लोगो को मत्स्य पालन, मूल ग्राम योजना, गोशाला विकास योजना, पशूधन बीमा योजना, बागरा व सुअर पालन, किराना दुकान, मशरूम की खेती इत्यादि पर मिलने वाले सरकारी सहायता राशि के बारे में अवगत कराया गया। मौके पर रेल पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### नन्हें बच्चों के भविष्य संवारने के लिए पुन खुलेंगे बंद पड़े शिक्षा के द्वार

## संसाधन के अभाव में प्रारंभिक शिक्षा से वंचित रह जा रहें है बच्चें: रामचंद्र सिंह

➲ विधायक ने मर्ज विद्यालयों को पुनः खोलने को लेकर सदन में आवाज की थी बुलंद



स्कूली बच्चें।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दूसरे विद्यालयों में मर्ज किए गए कई प्राथमिक और उत्कर्मित मध्य विद्यालयों को फिर से खोलने की तैयारी वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार कर रही हैं। इसके लिए राज्य परियोजना निदेशक ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त को निर्देश जारी कर दिए हैं। बता दें कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने बीते वर्ष सदन में शून्यकाल के माध्यम से आवाज उठाते हुए सरकार से मर्ज किए गए सभी विद्यालयों को पुन खोलने की मांग की थी। इधर विधायक ने खबर मंत्र को बताया कि उन्होंने आरटीई नियम के दायरे में आने वाले सभी स्कूलों को खोले जाने की मांग सरकार से की थी क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों के मर्ज किए जाने के कारण कई गांव में रहने वाले बच्चों को लंबी दूरी तय कर स्कूल जाना पड़ रहा हैं। ऐसे में कई बच्चों की पढ़ाई छूट जा रही हैं। लंबी दूरी के कारण बच्चे विद्यालय जाने से कतरा रहे है। ऐसे में अभिभावकों के समक्ष बच्चों की पढ़ाई के लेकर विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। अभिभावकों के पास संसाधन का अभाव होने के कारण उनके बच्चे प्रारंभिक शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। जबकि जिस विद्यालय को मर्ज किया गया उसमें पूर्व से पठन-पाठन हेतु सभी संसाधन उपलब्ध थे। विधायक ने कहा कि नन्हें मुन्ने बच्चों के भविष्य संवारने के लिए बंद पड़े शिक्षा के द्वार को खोलना जाना बहुत आवश्यक है। बताया कि राज्य सरकार ने नए सिरे से समीक्षा कराते हुए इन स्कूलों को पुनः संचालित किए जाने की कवायद शुरू कर दी है।

## छिपादोहर थाने में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छिपादोहर।** सोमवार को प्रखंड के छिपादोहर थाना परिसर में छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हल्का से जुड़े भूमि विवाद के मामलों को लेकर थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना दिवस में अंचलाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में विभिन्न मामलों की सुनवाई बारी-बारी से की गई। इस दौरान लात पंचायत के विकास कुमार और अनु साव के बीच चल रहे भूमि विवाद कि मामले की सुनवाई की गई। जहां दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनने के बाद मामले को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेजने का फैसला लिया गया। वहीं दूसरी ओर चुगरु और हरातू पंचायत से जुड़े कब्रिस्तान की भूमि विवाद के मामले के बीच सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों के दलील को सुनने का काम किया गया। थाना दिवस कार्यक्रम के दौरान लगभग आधे दर्जन से अधिक भूमि विवाद से जुड़े मामलों को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद कई मामलों का मौके पर ही निपटारा करते हुए कई मामलों में आगे की कार्रवाई के लिए अनुमंडल में हस्तांतरित करने की भी कार्यवाही की गई। मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार जिला परिषद के सदस्य कन्हाई सिंह हल्का कर्मचारी मनोज बेक, निजाम अंसारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



थाना दिवस में उपस्थित लोग।

# मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर में दो लोगो की मौत

## मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, प्रशासन को सौंपा आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर हाई स्कूल के समीप रविवार की देर रात्रि लगभग 9:30 बजे एक अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की हुई। आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर कारीमाटी की तरफ से चतरा जिले के ड्हु बड़गांव की ओर जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाईकिल सवार को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें कुलदीप उरांव 18 वर्ष पिता बिलजी उरांव ग्राम चमरेंगा थाना बालूमाथ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे मोटरसाइकिल सवार दिलीप उरांव 20 वर्ष पिता लालजी उरांव ग्राम चमरेंगा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल दिलीप उरांव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

**मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

घटना की सूचना मिलने पर बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया। वही पुलिस ने दोनों मृतक के शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। इधर घटना के विरोध में सोमवार को दोनों मृतक के मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर थाना चौक के समीप रांची चतरा एनएच-22 मुख्य पथ को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम का नेतृत्व कर रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव ने कहा कि मृतक के परिजनों को 10-10 लाख मुआवजा व सरकारी नौकरी सीसीएल व जिला प्रशासन मिलकर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोटरसाइकिल से जलावन का कोयला ले जाने के आरोप में बराबर मोटरसाइकिल चालक को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। वहीं दूसरी तरफ ट्रैक्टर से अवैध कोयला धड़ल्ले से ले जाया जाता है इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। सड़क जाम का समर्थन राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, बालूमाथ जिला परिषद सदस्य पूर्वी प्रियंका कुमारी, उपप्रमुख कामेश्वर राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, कांग्रेस युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष एजाज अहमद समेत भारी संख्या में लोगो ने किया। सड़क जाम सुबह 9:00 से एक बजे तक चार घंटा रहा। सड़क जाम की सूचना पाकर बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद जाम स्थल पहुंचे एवं जमाकताओं से वार्ता की। जहां अंचलाधिकारी द्वारा मृतक के दोनों आश्रितों को 35-35 हजार नगद व एक्सीडेंट लाभ के तहत एक लाख रुपये एक सप्ताह के अंदर देने का आश्वासन एवं पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि देने का आश्वासन के बाद जाम हटा।



ग्रामीणों से वार्ता करते पदाधिकारी।

